तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

12 मुख्यमंत्री साय के पखांजुर प्रवास को लेकर ...



12 निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 469 अधिकारी...





## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से हुई थी नाबालिग की मौत, चालक के खिलाफ अपराध दर्ज



**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत सड़क दुर्घटना में हुई सड़क दुर्घटना में मौत के बाद विवेचना में पाया गया कि मृतक कामता निवासी 17 वर्षीय पीयूष हुर्रा पिता धिरपाल हुर्रा 23 मई को अपने साथी सोहन कुमार के साथ अपने साथी से मिलने पैदल ग्राम कामता से पेवारी आ रहे थे। ग्राम पेवारी मोड़ नाला के पास पहुचे थे कि पीछे से आ रही मोटर सायकल द्वारा तेज व लापरवाही पुर्वक वाहन चलाते हुए पीयूष हुर्रा को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतागढ़ लेकर गए। व्यास्थ्य खराब होने पर हायर सेंटर रिफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पाया कि मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 0372 के चालक द्वारा वाहन को लापरवाही व तेज चलाते हुए मृतक को टक्कर मार दिया। टक्कर से गंभीर चोट की वजह से मृतक की मौत हुई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### महुआ शराब की अवैध बिक्री पर पुलिस ने की कार्रवाई



**कांकेर।** कोतवाली कांकेर की पुलिस ने 12 जनवरी को मुखबिर क जानकारी पर मनकेशरी में गायता चौक के पास दबिश दिया, जहाँ से आरोपी 33 वर्षीय प्रताप सिंह बघेल पिता रामधर बघेल निवासी उसेली थाना आमाबेड़ा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से 07 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत लगभग 700 रुपए बताई गई है, बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

### युवक की डूबने से मौत, जांच जारी

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 63 बलरामपुर निवासी 23 वर्षीय राजेश ध्रुव पिता गोपाल सरकार का डूबने से मौत हो गया। पीव्ही 63 बलरामपुर निवासी 31 वर्षीय प्रवीर सरकार पिता गोपाल ने पुलिस को बताया कि घर के तालाब में डूबने से 12 जनवरी को सुबह 11 बजे राजेश ध्रुव का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाता कांकेर अंतर्गत गोतपुर निवासी सुरेश नेताम पिता सुरेश नेताम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गोतपुर निवासी 41 वर्षीय राजकुमार जुर्री पिता सुरज राम जुर्री ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 12 जनवरी को सुबह 6 बजें फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कोटगांव निवासी 34 वर्षीय प्रमिला दर्रो पिता सुखमन ने 12 जनवरी को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया कि उनके बेटी ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा कई एंगलो से जांच करने में जुटी हुई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भिरौद में 12 जनवरी को सड़क दुर्घटना में घायल अकलाडोंगरी चिखली निवासी रघुनंदन नेताम पिता आंनद नेताम का मौत हो गया। चिखली ▶▶| शेष पेज 10 पर

अच्छी खबर : मकर संक्रांति पर मुख्यमंत्री कर सकते है भूमिपूजन

# भाजपा सरकार ने निभाई विकास की जिम्मेदारी, अब बन जाएगा बेचाघाट पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अबूझमाड़ की दुर्गम पहाड़ियों और कांकेर के विकास के बीच वर्षों से खड़ी दूरी जल्द ही इतिहास बनने जा रही है। बेचाघाट पुल, जो लंबे समय तक नक्सल हिंसा, सुरक्षा चुनौतियों और प्रशासनिक अड़चनों के कारण केवल फाइलों तक सीमित रहा, अब साकार होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। ग्रामीणों की पुरानी माँग और क्षेत्र के सामरिक-सामाजिक महत्व को समझते हुए भाजपा सरकार ने इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को फिर से जीवित किया है। मकर संक्रांति पर पखांजुर आगमन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भूमिपूजन की संभावनाओं ने क्षेत्र में उत्साह और उम्मीद की नई लहर पैदा कर दी है। जिले के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बेचाघाट पुल एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। यह वही पुल है जिसे कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ग्रामीणों की माँग पर स्वीकृति तो मिली थी, लेकिन नक्सलियों के तीव्र विरोध और सुरक्षा कारणों के चलते इसका निर्माण शुरू नहीं हो सका। नक्सलियों ने अबूझमाड़ के कई गांव के लोगों को दो साल तक बेचाघाट पुल को रोकने के लिए आंदोलन करने भेजा था। आंदोलन की पहली बरसी में कई नक्सलियों के मददगार भाषणबाजी करने पहुँचे थे। नक्सलियों ने स्थिति इतनी गंभीर बना दिया था कि कांग्रेस सरकार को निविदा प्रक्रिया को अंततः निरस्त करना पड़ा और वर्षों से प्रतीक्षित यह परियोजना ठंडे बस्ते में चली गई। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद इस पुल को दोबारा प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया। सुरक्षा हालात की समीक्षा, प्रशासनिक तैयारियों और विधायक विक्रम उसेंडी की पहल के बाद भाजपा सरकार ने फिर से पूरी प्रक्रिया प्रारंभ की। वर्ष 2026 के पहले सप्ताह में बेचाघाट पुल के निर्माण के लिए नई निविदा आमंत्रित की गई, जिसे सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए ठेकेदार को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि बेचाघाट पुल का निर्माण नक्सल प्रभाव को कम करने में भी सहायक सिद्ध होगा, क्योंकि विकास और संपर्क बढ़ने से मुख्यधारा से जुड़ाव मजबूत होगा।

■ ग्रामीणों को पुल बनने की मिली खबर, दिख रहा उत्साह





### तेजी से चल रही नापजोख, भूमिपूजन की तैयारी

वर्तमान में बेचाघाट क्षेत्र में नापजोख और तकनीकी सर्वेक्षण की प्रक्रिया बेहद तेजी से चल रही है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह तेजी इसलिए भी है, क्योंकि मकर संक्रांति के अवसर पर मुख्यमंत्री के पखांजुर आने की संभावना है। उसी दौरान बेचाघाट पुल का विधिवत भूमिपूजन किया जा सकता है। यदि ऐसा होता है, तो यह न केवल परियोजना के लिए शुभारंभ होगा बल्कि वर्षों से प्रतीक्षा कर रहे ग्रामीणों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण भी साबित होगा।

### ग्रामीणों में खुशी, बढ़ी उम्मीदें

पुल निर्माण की खबर से क्षेत्र के ग्रामीणों में खासा उत्साह है। बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने इस पुल की बातें दशकों से सुनी हैं, लेकिन अब जाकर उन्हें लगता है कि उनका सपना पूरा होगा। ग्रामीणों का मानना है कि यदि मुख्यमंत्री द्वारा मकर संक्रांति पर भूमिपूजन किया जाता है, तो यह क्षेत्र के लिए नई शुरुआत का संकेत होगा। इससे न केवल विकास कार्यों को गति मिलेगी, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास भी और मजबूत होगा।

### 15 करोड़ की लागत से बनेगा पुल

सेतु विभाग के कार्यपालन अभियंता राजेंद्र सोनकर ने इस मामले में हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि 15.52 करोड़ की लागत से पुल बनेगा। एसआर सरकार ठेकेदार को पुल बनाने का काम मिला है। 9 जनवरी को वर्कआर्डर जारी किया गया है और पुल को बनाने के लिए 16 माह बारिश के समय को जोड़ते हुए दिया गया है। ठेकेदार ने सही समय पर काम पूरा कर दिया तो यह तय है कि आने वाले साल 2027 के बारिश के पहले पुल बनकर तैयार हो जाएगा।

## यातायात नियमों के प्रति फैलाई गई जागरुकता, दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर सख्त लेकिन सकारात्मक पहल करते हुए आमजन को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत 12 जनवरी को हेलमेट सुरक्षा कक्ष अभियान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मोटर सायकल चालकों में हेलमेट पहनने की आदत विकसित करना एवं सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करना रहा। यह अभियान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशानुसार, एएसपी भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्री माल तथा एएसपी कांकेर दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन में हुआ। अभियान ▶▶| शेष पेज 10 पर



### 300 से अधिक लोग लाभावित

जागरूकता अभियान से लगभग 200 से 300 ग्रामीण एवं शहरी नागरिक लाभान्वित हुए। पुलिस प्रशासन की इस पहल ने न केवल नियमों के प्रति चेतना बढ़ाई, बल्कि सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन का रूप देने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ।



### दो बाइक के बीच भिड़ंत होने से चालक के हाथ व पैर में आई चोट

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम झालोपारा करमोती में सब्जी खरीदने के लिए गए दो युवक के बाइक को विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से बाइक चालक के हाथ व पैर में चोट आया व वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पोटाईपारा करमोती निवासी 65 वर्षीय अंजोरी राम निषाद पिता स्व. सेलेदार निषाद ने पुलिस को बताया कि 11 जनवरी कि शाम को मेरा नाती डोंमेन्द्र निषाद अपने साथी डोमेन्द्र सोनवानी के साथ मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 एबी 4239 में सवार होकर झालोपारा करमोती सब्जी खरीदने के लिए जा रहा था। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एचसी 1387 के चालक द्वारा अपनी मोटर सायकल को तेजगति लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर मेरे नाती डोमेन्द्र निषाद के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे नाती डोंमेन्द्र निषाद के दाहिना हाथ, दाहिना पैर में चोटें आई है। दुर्घटना में मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएच 1387 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## बीमार बच्ची को जादू-टोना बताकर झाड़ फूंक के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बाबू साल्हेटोला की एक महिला से उसके बीमार 10 वर्षीय बच्ची के इलाज के नाम पर जादू-टोना और पूजा-पाठ का भय दिखाकर डेढ़ लाख रुपए की ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने सांप दिखाने वाले दो बाबाओं पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ थाना कांकेर में 12 जनवरी को शिकायत दर्ज कराया। कांकेर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी शाबिर खान पिता गफ्फार खान और अफसर खान पिता हनीफ खान को 13 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे बाबू साल्हेटोला निवासी 38 वर्षीय पंचमी चक्रधारी पति स्व. रघुनाथ चक्रधारी ने पुलिस को बताया कि उनकी 10 वर्षीय बेटी समरिका चक्रधारी लंबे समय से बीमार है, जिसके कारण वह चलते-चलते अचानक गिर जाती है। करीब 20-25 दिन पहले गांव में लाल रंग की मोटरसाइकिल से आए दो व्यक्तियों ने खुद को सांप दिखाने वाला बाबा बताते हुए बच्ची को जादू-टोना लगने की बात कही। उन्होंने अपना नाम शाबिर खान और अफसर खान बताया। झाड़-फूंक और ताबीज देकर बच्ची को ठीक करने का भरोसा दिलाया। कुछ दिनों बाद दोनों दोबारा घर आए और माता रानी की पूजा तथा बकरे की बलि देने की बात कहते हुए 45 हजार रुपएं चढ़ाने की मांग किया। डर और अंधविश्वास के चलते पंचमी चक्रधारी ने उन्हें एक मटका, 7 लीटर तेल, नींबू, अगरबत्ती सहित 45 हजार रुपएं दिए, जिसे लाल कपड़े में बांधकर जमीन में गाड़ने को कहा गया। इसके बाद भी बाबाओं ने अलग-अलग मौकों पर दो बार फिर 45-45 हजार रुपएं, तेल और अन्य पूजा सामग्री लिया। इसके साथ ही बकरे की बलि के नाम पर 5 हजार रुपएं फोन-पे के माध्यम से मंगवाए। कुल मिलाकर पीड़िता से लगभग 1 लाख 50 हजार रुपएं वसूले गए। बाबाओं ने मटका बिना बताए निकालने पर बच्ची की जान को खतरा होने की धमकी भी दी। बच्ची की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और शाबिर खान ▶▶| शेष पेज 10 पर



■ मामसे में दो फर्जी बाबा हुए गिरफ्तार

### न्यायिक रिमांड में आरोपी

कांकेर पुलिस ने दोनो आरोपियों को रायपुर के थाना धरसींवा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 निवासी 30 वर्षीय शाबिर खान पिता गफ्फार खान और धरसीवा निवासी 25 वर्षीय अफसर खान पिता हनीफ खान को 13 जनवरी को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में उनि मनोरथ जोशी, आर राकेश लकड़ा, अनिल मरकाम, मआर अंजली गोटा एवं थाना पेट्रोलिंग पार्टी का अहम भूमिका रही।


आस्था, परंपरा और उल्लास का पर्व, नदी में स्नान करने की परंपरा

## मकर संक्रांति में इस बार 16 साल बाद पड़ रही है षटतिला एकादशी, स्नान-दान व जप होगा विशेष फलदायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मकर संक्रांति भारत के प्रमुख और पावन त्योहारों में से एक है, जिसे पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है। इसी के साथ उत्तरायण काल की शुरुआत होती है, जिसे हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ माना गया है। मकर संक्रांति हर वर्ष जनवरी माह के मध्य में आती है और इसके साथ ही मौसम में भी धीरे-धीरे बदलाव महसूस होने लगता है। मकर संक्रांति पर इस बार खिचड़ी नहीं बनेगी, क्योंकि 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर 19 वर्ष बाद षटतिला एकादशी पड़ रही है। इस एकादशी पर चावल से बनी सामग्री का प्रयोग नहीं होगा। मकर संक्रांति फसल, कृषि और प्रकृति से जुड़ा हुआ सूर्य का पर्व है। इसमें सूर्य के गोचर को ही आधार माना जाता है। अधिकांश पंचांग और पंचांगों के अनुसार 14 जनवरी को दोपहर करीब 3 बजकर 13 मिनट पर सूर्य मकर राशि में गोचर करेंगे, कुछ स्थानों पर यह समय 3 बजकर 7 मिनट भी बताया गया है, क्योंकि स्थान के अनुसार गोचर के समय में कुछ मिनटों का अंतर हो सकता है। मान्यता है कि ग्रहों के गोचर से पहले ही उनकी ऊर्जा सक्रिय होने लगती है, इसलिए पूजा-पाठ की बात करें तो मकर संक्रांति के दिन ही पूजन किया जा सकता है। इस दिन षटतिला एकादशी होने के चलते एकादशी का व्रत रखने वाले चांवल का सेवन या दान न करें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन किया गया स्नान, दान और जप विशेष फलदायी होता है। इस दिन गंगा, नर्मदा, गोदावरी जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। मान्यता है कि इससे पापों का नाश होता है ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ आमजन में दिखेगा उत्साह




### मकर संक्राति जीवन में देता है नई उर्जा

मकर संक्रांति केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। यह त्योहार आमजन को प्रकृति के साथ जुड़ने, परंपराओं को सहेजने और सामाजिक सद्भाव को बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। सामाजिक दृष्टि से भी मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। इस दिन जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और दान देने की परंपरा है। इससे समाज में सहयोग और करुणा की भावना मजबूत होती है।

## पालक-शिक्षक सम्मेलन में कलेक्टर ने पालकों से शामिल होने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को सुदृढ़ करने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के समस्त पालकों से भावनात्मक और प्रेरणादायी अपील की है। उन्होंने कहा है कि 15 जनवरी गुरुवार को जिले के सभी संकुलों के अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विद्यालय स्तरीय पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी पालकों की उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अर्धवार्षिक परीक्षा में बोर्ड एवं अन्य कक्षाओं के छात्र-छात्राओं की प्रगति रिपोर्ट पर पालकों के साथ विस्तृत चर्चा करना तथा विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि शिक्षक और पालक दोनों की संयुक्त सहभागिता से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए जिले में हमर लक्ष्य कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन 40 डेज प्रारंभ किया गया है। इसके साथ ही जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की मुख्य परीक्षाओं को ध्यान में ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### सुरूंगदोह में तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**दुर्गुकोंदल।** ग्रामीण बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारने और उनमें खेल भावना तथा टीमवर्क की भावना जगाने के उद्देश्य से विकासखंड दुर्गुकोंदल के संकुल केंद्र सुरूंगदोह 1 व 2 द्वारा तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा महोत्सव हाईस्कूल मैदान में 13 से 15 जनवरी तक चलेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य निर्मला रजमन कोवाची ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के चैंपियन विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा, जिससे उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहन मिले और अन्य बच्चे भी खेलों की ओर आकर्षित हो।

### डांगरा में ओपन वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता 17-18 को

**दुर्गुकोंदल।** नव युवक समिति ग्राम डांगरा के तत्वावधान में ओपन वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता 17 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक ग्राम डांगरा में आयोजित होगी। प्रतियोगिता को लेकर ग्रामवासियों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15 हजार रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 8 हजार रुपए एवं ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। कबड्डी प्रतियोगिता भी पूरे जोश और खेल भावना के साथ आयोजित की जाएगी, जिसमें आसपास के क्षेत्रों की मजबूत टीमें हिस्सा लेंगी।

### अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट कैंप का आज होगा आयोजन

**कांकेर।** शासकीय महिला आईटीआई कांकेर में एल एण्ड टी कन्स्ट्रक्शन मुंबई द्वारा 15 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में आईटीआई उत्तीर्ण व्यवसाय ड्राफ्ट्समेन सिविल, राजमिस्त्री, विद्युतकार, वायरमेन एवं समस्त इंजीनियरिंग व्यवसाय के पुरूष अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। चयन पश्चात अभ्यर्थी को दो महीने का प्रशिक्षण, हॉस्टल एवं भोजन निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। तत्पश्चात प्रशिक्षण उपरांत प्रतिमाह 18000 रूपए प्रदान किया जाएगा।

आयोजन : जयंती पर शासकीय नवीन कालेज में कार्यक्रम

# स्वामी विवेकानंद भारत की युवा शक्ति के प्रेरणास्रोत : संचेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई नरहरपुर द्वारा शासकीय नवीन कालेज नरहरपुर में प्रेरणा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों, दर्शन एवं आदर्शों से परिचित कराते हुए उनमें आत्मविश्वास, नैतिकता और राष्ट्र सेवा की भावना का संचार करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से स्वामी विवेकानंद के विचारों का स्मरण किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से नगर पंचायत नरहरपुर के पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत की युवा शक्ति के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व मंच पर भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को स्थापित किया तथा युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और कर्मठता का संदेश दिया। उनका प्रसिद्ध कथन उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो आज भी युवाओं का मार्गदर्शन करता है। युवा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होते हैं। यदि युवा सकारात्मक सोच, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ें तो समाज में व्याप्त हर समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखें, बल्कि उसे समाज और राष्ट्र के हित में उपयोग करें।

#### युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करना

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य बीआर भेड़िया ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मबल एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करना है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान कहा है। युवाओं को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एसके साहू व बीरबल केमरो ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

#### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में युवा मोर्चा कार्यकर्ता रामेश्वर साहू, संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अधिकारी एस कुमार साहू, रेड रिबन प्रभारी बीएल कोमरे, यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी आरके ओट्टी, एस नेताम, मिनाक्षी भगत, डी नेताम, डी गजेंद्र, दिनेश निषाद, रूपाली, आरती, जीवेन्द्र, पद्मिनी, करुणा, मंजू, राशि, प्रीति, आशीष, साधना, अंजलि, प्रतीक, अमन, संदीप, डब्बीर सहित छात्र छात्राएं सम्मिलित रहे।

# 14 परिवारों ने ईसाई धर्म त्याग कर की घर वापसी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बाइबल विसर्जित कर मूल आदिवासी संस्कृति को अपनाया

जिले में इन दिनों आदिवासी समाज के भीतर अपनी जड़ों की ओर लौटने की एक नई वैचारिक लहर देखी जा रही है। हाल ही में जिले के तीन अलग-अलग गांवों के 14 परिवारों ने ईसाई धर्म का परित्याग कर अपने मूल आदिवासी धर्म और पारंपरिक रीति-रिवाजों को फिर से अपना लिया है। इसे समाज में घर वापसी के रूप में देखा जा रहा है। विकासखण्ड कांकेर के ग्राम धनतुलसी के 7 परिवार, मांदरी के 3 परिवार और पीढ़ापाल के 4 परिवार के सदस्यों ने यह सामूहिक निर्णय लिया। इस दौरान आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सभी परिवारों ने पूर्ण विधि-विधान के साथ अपने पेन-पुरखा और पारंपरिक देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। ग्रामीणों ने ईसाई धर्म को सदैव के लिए छोड़ते हुए पवित्र बाइबल का विसर्जन किया और अपनी मूल संस्कृति को स्वीकार करने का संकल्प लिया। घर वापसी करने वाले ग्रामीणों ने भावुक होते हुए कहा कि आदिवासी समाज की असली शक्ति प्रकृति की उपासना और सदियों पुराने जीवन मूल्यों में छिपी है। उनका मानना है कि प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व ही उनकी आत्मा है और इसे संजोए रखना प्रत्येक आदिवासी का नैतिक कर्तव्य है। घर वापसी करने वाले परिवारों ने अपना अनुभव साझा करते हुए स्वीकार किया कि वे कुछ व्यक्तिगत समस्याओं और विवशताओं के कारण ईसाई धर्म की ओर आकर्षित हुए थे। हालांकि हाल ही में हुई आमाबेड़ा की घटना ने उन्हें अपनी पहचान और जड़ों को लेकर गहरा आत्ममंथन करने पर मजबूर कर दिया। इसी चिंतन के बाद उन्होंने गौरवशाली आदिवासी संस्कृति के मार्ग पर लौटने का निर्णय लिया।

# समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने लाभार्थियों को दी गई समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

प्रधानमंत्री आवास शहरी योजनांतर्गत नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में लम्बे समय से निर्माणाधीन आवासो के घर-घर जाकर हितग्राहियों से चर्चा कर किसी भी प्रकार कि शासकीय कार्यवाही से बचने कि समझाइस देते हुए आगामी 15 जनवरी तक कि समयसीमा में कार्य पूर्ण करने और अगले स्तर के जिओटैग करने लायक स्थिति तक लाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि आगामी सप्ताह तक उनकी भुगतान नस्तियों को तैयार कर त्वरित भुगतान किया जा सके।

साथ ही साथ प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में डीपीआर स्वीकृति के लिए भेजनें के लिए वार्डों में आबादी भूमि के दस्तावेज धारी कच्चे घरों में विजिट किया गया, जिससे वार्ड क्षेत्रों में अब-तक छूटे हुए कच्चे आवासों के भूमि संबंधी दस्तावेज को दूरुस्त कर आगामी डीपीआर में स्वीकृति के लिए शामिल किया जा सके। उक्त विजिट में जेडी कार्यालय से विजिट पर आए सहायक संचालक पुराणिक सिंह ध्रुव एवं संभागीय सीएलटीसी अतुल डोंगरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी इंद्र लाल पटेल, उप अभियंता हेमराज एवं सर्वेयर उपस्थित रहे।



# महानदी से अवैध रेत उत्खनन कर महंगें दर पर बेच रहे

**सरोना।** तहसील सरोना अंतर्गत महानदी सबसे लंबी एवं बड़ी नदी है। इस नदी में अवैध रेत उत्खनन वर्षों से किया जा रहा है। महानदी में जगह जगह घाट बनाकर दलाल, ठेकेदार और जिम्मेदार बिचौलिया रेत उत्खनन कर ट्रैक्टरों में भरकर महंगें दामों में जरुरतमंद लोगों उपलब्ध करा रहे हैं। रात दिन एक कर अवैध रूप से रेत उत्खनन कर ट्रैक्टरों से भरकर बिना टैक्स भरे परिवहन कर रहे हैं। राजस्व व खनिज विभाग के कार्रवाई नहीं करने से अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद है। अवैध परिवहन करने वालों द्वारा टैक्स चोरी हो रही है। बिना टैक्स भरे अवैध रूप से रेत उत्खनन कर महंगें दामों में बेच रहे हैं। विरोध प्रदर्शन करने के बाद भी शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। समय रहते अवैध रेत उत्खनन पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तो महानदी का पुल भी खतरे में आ जाएगा।

### 320 कट्टा अवैध धान भंडारण पकड़ाया

**जगदलपुर।** कृषि उपज मंडी जगदलपुर में अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए टीम गठित की गई है। टीम सूचना पर वाहनों को रोककर तलाशी कर रहे हैं। इसी दौरान मंगलवार को कृषि उपज मंडी सचिव जितेन्द्र दुबे के नेतृत्व में निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार की टीम एवं राजस्व विभाग द्वारा साड़गुड़ के मुकेश देवांगन के गोदाम में 320 कट्टा अवैध धान भंडारण करते पाया गया। धान पर मंडी अधिनियम अनुसार कार्यवाही की गई,

# जर्जर सड़कों और भ्रष्टाचार के खिलाफ आप का जनआंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा



- पानीडोबीर से कोयलीबेड़ा ब्लॉक मुख्यालय तक निकाली यात्रा

आम आदमी पार्टी द्वारा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ बचा बो छत्तीसगढ़ यात्रा पानीडोबीर से प्रारंभ होकर कोयलीबेड़ा ब्लॉक मुख्यालय तक निकाली गई। यह यात्रा जनता की पीड़ा, आक्रोश और सरकार की विफलताओं को उजागर करने का सशक्त माध्यम बनी।

यात्रा के दौरान आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि सरकार की तथाकथित महत्वाकांक्षी योजनाएं जमीनी स्तर पर पूरी तरह फेल हो चुकी हैं। नेलानार मार्ग सहित पानीडोबीर, गुदुल पानीडोबीर, मरम पानीडोबीर, आलपरस, आलपर मार्ग की सड़कें बेहद जर्जर हैं। इन सड़कों से चार ग्राम पंचायतें जुड़ी हुई हैं, लेकिन सड़क निर्माण में भारी अनियमितता और करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के कारण आज ग्रामीण कीचड़, गड्ढों और दुर्घटनाओं के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। आम आदमी पार्टी ने सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार और ठेकेदारों की मिलीभगत से जनता के टैक्स का पैसा लूटा गया है। बरसात के दिनों में एंबुलेंस तक गांवों में नहीं पहुंच पा रही है, मरीज रास्ते में दम तोड़ रहे हैं और बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यह स्थिति सरकार की असंवेदनशीलता और नाकामी का जीवंत प्रमाण है। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया और भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई, तो पार्टी ब्लॉक से लेकर जिला मुख्यालय तक उग्र जन आंदोलन, चक्का जाम और घेराव करने से पीछे नहीं हटेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। बचा बो छत्तीसगढ़ यात्रा के माध्यम से आम आदमी पार्टी यह स्पष्ट कर देना चाहती है कि अब ग्रामीणों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। जब तक जनता को उसका हक नहीं मिलेगा, आम आदमी पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी।

जन आंदोलन में जिला महासचिव शिव पोटाई, ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार कोमरा, बारसू हुपेंडी, ब्लॉक सचिव बिरीज आंचला, महिला विंग ब्लॉक अध्यक्ष संगीता आंचला, यामनी कोमरा, जमीला वट्टी, रामकुमार धुर्वा, रूपेश बघेल, रामू उसेंडी, सुरेन्द्र कड़ियांम सहित बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गौरव डोंगरे को मैन ऑफ द मैच से किया सम्मानित

**जगदलपुर।** छग स्टेट पॉवर कंपनी के अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरे दिन शनिवार को चार टीमों का मैच हुआ। खिलाड़ी गौरव डोंगरे को कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने मेन ऑफ द मैच का सम्मानित किया। स्पर्धा के चौथे दिन कालीपुर मैदान में अंबिकापुर क्षेत्र बनाम कोरबा पश्चिम में से कोरबा पश्चिम विजेयी, मडवा बनाम कोरबा पूर्व में से मडवा विजयी धुरगुड़ा मैदान में रायपुर मध्य बनाम राजनांदगांव में से रायपुर मध्य विजयी एवं रायपुर बनाम जगदलपुर क्षेत्र में से रायपुर क्षेत्र की टीम विजयी। पांचवें दिन कालीपुर मैदान में अंबिकापुर क्षेत्र बनाम राजनांदगांव क्षेत्र में से अंबिकापुर क्षेत्र विजेता, रायपुर क्षेत्र बनाम दुर्ग क्षेत्र में से रायपुर क्षेत्र विजेता, धुरगुड़ा मैदान में कोरबा पूर्व बनाम जगदलपुर क्षेत्र में से कोरबा पूर्व विजेता एवं कोरबा पश्चिम बनाम बिलासपुर क्षेत्र में ये कोरबा पश्चिम की टीम विजेता बनी।

### जिले में पंजीयन का कार्य प्रारम्भ 2350 मत्स्य कृषकों ने कराया

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। शासन द्वारा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत विभिन्न घटकों का लाभ प्राप्त करने के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। एनएफडीपी का मुख्य उद्देश्य सभी मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों एवं मत्स्य समितियों के लिए कार्य आधारित पहचान के डाटाबेस निर्माण के माध्यम से भारतीय मत्स्य पालन को औपचारिक रूप देना है। सहायक संचालक मछलीपालन ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत मत्स्य पालन अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य अन्तर्गत मछली पालन, मत्स्याखेट एवं मछली बेचने के व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों का पंजीयन कॉमन सर्विस सेन्टर च्वाईस सेन्टर के माध्यम से किया जाना है। यदि परिवार के सभी सदस्य मछली पालन कार्य में संलग्न है तो सभी का पंजीयन व्यक्तिगत रूप से किया जाएगा। पंजीयन के पश्चात मत्स्य विभाग से सत्यापन के बाद उनके बैंक खातें में 80 रूपए शासन की ओर से प्राप्त होंगे तथा कॉमन सर्विस सेन्टर को उनके प्रत्येक एन्ट्री पर 20 रूपए कमीशन के रूप में प्राप्त होगा। पंजीयन के लिए मत्स्य कृषकों को अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार लिंक मोबाईल नम्बर के साथ कॉमन सर्विस सेन्टर च्वाईस सेन्टर में एन्ट्री कार्य कराना होगा। इसके अलावा पंजीयन के लिए आधार लिंक मोबाइल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी अनिवार्य होगा। पंजीयन पश्चात प्रारंभ में अस्थायी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा तथा कृषकों का मत्स्य विभाग से सत्यापन पश्चात स्थायी प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया यह भी बताया कि जिले में पंजीयन का कार्य प्रारम्भ हो चुका है । वर्तमान स्थिति तक कॉमन सर्विस सेन्टर च्वाइस सेन्टर द्वारा 2350 मत्स्य कृषकों का पंजीयन किया जा चुका है।

आशा, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की सशक्त प्रतीक बनी लाइब्रेरी

# कलेक्टर की पहल से सेंट्रल लाइब्रेरी बनी जिले के विद्यार्थियों के लिए सपनों की उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




जिला प्रशासन की दूरदर्शी पहल के रूप में स्थापित निःशुल्क सेंट्रल लाइब्रेरी अपने सफल संचालन का एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। यह पुस्तकालय जिले के विद्यार्थियों के लिए आशा, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य का सशक्त प्रतीक बन चुका है। इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के प्रति आभार व्यक्त किया है, जिनके नेतृत्व, मार्गदर्शन और सतत प्रयासों से यह महत्वाकांक्षी संकल्प साकार हो सका। कलेक्टर ने इस भवन को विद्यार्थियों के हित में उपयोगी बनाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात जिला पंचायत सीईओ के अथक प्रयास, सुव्यवस्थित योजना एवं प्रभावी प्रशासनिक समन्वय से भवन का कायाकल्प किया गया। आवश्यक मरम्मत, व्यवस्थित अध्ययन कक्ष, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधाएँ एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण विकसित कर इसे एक आदर्श केंद्रीय पुस्तकालय का स्वरूप दिया गया। पुस्तकालय की शुरुआत में प्रतिदिन लगभग 200 विद्यार्थी अध्ययन के लिए यहाँ आते थे, जो आज बढ़कर प्रतिदिन पाँच बैंचों में लगभग 600 विद्यार्थियों तक पहुँच गई है। यह वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि पुस्तकालय विद्यार्थियों की वास्तविक आवश्यकताओं को प्रभावी रूप से पूरा कर रहा है। वर्तमान में यह स्थान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर गाइडेंस, विशेष कक्षाएं, मोटिवेशनल सेशन एवं विविध कार्यशालाओं का एक जीवंत केंद्र बन चुका है। यहाँ नियमित रूप से विशेषज्ञों द्वारा करियर मार्गदर्शन कक्षाएं आयोजित की जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों को सही दिशा, रणनीति और आत्मविश्वास प्राप्त हो रहा है। पुस्तकालय के समर्पित एवं संवेदनशील स्टाफ द्वारा निरंतर प्रेरणा मिलने से विद्यार्थियों में अनुशासन, लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता और सकारात्मक सोच का विकास हो रहा है। ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह पुस्तकालय किसी वरदान से कम नहीं है। निःशुल्क केंद्रीय पुस्तकालय से अध्ययन कर अब तक 87 से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न शासकीय सेवाओं में चयन हो चुका है, जो इसकी सफलता और प्रभावशीलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अनेक विद्यार्थियों को पहली बार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उपयुक्त संसाधन एवं वातावरण यहीं उपलब्ध हुआ, जिससे वे अपने सपनों को साकार करने की दिशा में अग्रसर हो सके।

#### प्रथम वर्षगांठ में आज होंगे विविध आयोजन

इस उल्लेखनीय उपलब्धि को स्मरणीय बनाने हेतु 14 जनवरी को प्रातः 10 बजे, केंद्रीय पुस्तकालय में प्रथम वर्षगांठ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। निःशुल्क केंद्रीय पुस्तकालय कांकेर न केवल ज्ञान का केंद्र बनकर उभरा है, बल्कि जिले के सैकड़ों विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हो रहा है। जिला प्रशासन की यह अभिनव पहल भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

पेज 09 के शेष...

#### यातायात नियमों के...

का संचालन रक्षित निरीक्षक यातायात प्रभारी दीपक साव एवं यातायात बल द्वारा किया गया। मोटर सायकलों से हो रही बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए हेलमेट धारण कर वाहन चलाने एवं अन्य यातायात नियमों के पालन के संबंध में लोगों को समझाइश दी गई। 12 जनवरी की शाम लगभग 4 बजे थाना के सामने एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले मोटर सायकल चालकों को गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे लोगों में सकारात्मक संदेश गया। हेलमेट धारण नहीं करने वाले मोटर सायकल चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत मैं यातायात नियमों का पालन करूंगा की शपथ दिलाई गई और उनसे हस्ताक्षर करवाए गए। कार्यक्रम स्थल पर लाउड स्पीकर के माध्यम से लगातार यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार एवं हेलमेट पहनने के महत्व की जानकारी दी गई।

#### बीमार बच्ची को...

ने फोन उठाना बंद कर दिया, तब पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ। मटके निकालकर देखने पर उसमें असली पैसे की जगह कागज की गड्डियां मिली। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शाबिर खान और अफसर खान के खिलाफ धारा 6, 3 (5) छग टोनही प्रताड़ना, 318 (4), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

#### घायल व्यक्ति...

निवासी रघुनंदन नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

#### मकर संक्रांति में...

और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। जो लोग नदी तक नहीं जा सकते, वे घर पर ही स्नान कर पूजा-पाठ कर सकते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में मकर संक्रांति को फसल उत्सव के रूप में मनाया जाता है। किसान नई फसल के आगमन पर भगवान सूर्य को धन्यवाद देते हैं और अच्छी पैदावार की कामना करते हैं, वहीं शहरी इलाकों में पतंगबाजी इस पर्व का मुख्य आकर्षण होती है। आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाता है और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह देखने को मिलता है। मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ का विशेष महत्व है। तिल-गुड़ खाओ और मीठा-मीठा बोलो जैसी कहावत इसी पर्व से जुड़ी है।

#### पालक-शिक्षक सम्मेलन...

रखते हुए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी बेहतर परिणाम प्राप्त कर सके। कलेक्टर ने कहा कि यह एक सच्चाई है कि शिक्षक एवं पालक दोनों की सक्रिय भागीदारी से ही बच्चों का सुंदर भविष्य गढ़ा जा सकता है। जब घर और विद्यालय एक साथ मिलकर बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं, तभी वे जीवन में निरंतर प्रगति कर परिवार, गांव, शहर और देश को गौरवान्वित कर सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सम्मेलन के दौरान विद्यालय एवं संकुल परिवार पालकों के साथ जुड़कर शिक्षा में आ रही कठिनाइयों, विषयगत समस्याओं और विद्यार्थियों की जरूरतों पर खुलकर चर्चा करेंगे और उनका समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

## खबर संक्षेप

### 16 व 17 जनवरी से बस्तर पंडुम का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर की समृद्ध जनजातीय लोक-संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित बस्तर पंडुम 2026 की तैयारियां पूरे प्रदेश में जोर-शोर से चल रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में संस्कृति विभाग इस महोत्सव को जनपद, जिला और संभाग स्तरों पर भव्य रूप से आयोजित कर रहा है। यह आयोजन 10 जनवरी से आरंभ होकर 6 फरवरी तक चलेगा और इस दौरान बस्तर की कला, शिल्प, नृत्य, संगीत, व्यंजन, बोली-भाषा, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य-यंत्र और जनजातीय जीवन शैली का अद्भुत प्रदर्शन पूरे प्रदेश में देखने को मिलेगा।

### अब न्याय पहुंचेगा आपके गांव तक

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्रालय की डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत संचालित सीएससी टेली-लॉ योजना अब ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों के लिए न्याय तक पहुंच को सरल और सुगम बना रही है। इस योजना के माध्यम से बस्तर, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों के नागरिकों को कानूनी सलाह प्राप्त करने हेतु अब शहरों या जिला मुख्यालयों तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। टेली-लॉ सेवा के जरिए नागरिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर वीडियो कॉल अथवा फोन कॉल के माध्यम से अनुभवी वकीलों से सीधे परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। खास बात यह है कि पात्र श्रेणियों के नागरिकों को यह कानूनी सहायता पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। यह सेवा घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, भूमि एवं संपत्ति के मामले, एफआईआर से संबंधित जानकारी, पुलिस कार्यवाही, महिलाओं तथा एससी,एसटी वर्गों के अधिकार, भरण-पोषण तथा अन्य सामाजिक मामलों में आवश्यक कानूनी मार्गदर्शन प्रदान कर रही है। ग्रामीण अंचलों में इसकी उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में सीएससी वीएलई (की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे नागरिकों का पंजीकरण कर उन्हें विशेषज्ञ वकीलों से ऑनलाइन परामर्श दिलवाने की पूरी प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं।

# 2 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में साइबर अपराधों से सतर्क रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

भारत सरकार सूचना एवं प्रसार मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय रायपुर द्वारा दो दिवसीय चित्रप्रदर्शनीय के दिवतीय दिवस में चित्रकला, रंगोली, प्रश्नमंच, गीत एवं नाटक के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

चित्रप्रदर्शनी के समापन में मुख्यअतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी एवं बीजापुर के वरिष्ठ श्री बाबूलाल नरवरिया के उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। सायरबर सेल प्रभारी विवेकानंद पटेल ने कार्यक्रम के माध्यम से मंच को संबोधित करते हुए सायबर से संबंधित जानकारी साझा किया जिसमें डिजिटल युग में जहां इंटरनेट और सोशल मीडिया ने जीवन को आसान बनाया है, वहीं साइबर अपराधों के मामलों में भी लगातार वृद्धि देखी जा रही है। आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी, फर्जी निवेश योजनाओं, ओटीपी फ्रॉड, एटीएम कार्ड से जुड़ी धोखाधड़ी, व्हाट्सएप अकाउंट हैकिंग तथा नकली पुलिस या सरकारी अधिकारी बनकर की जाने वाली ठगी के बारे में जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञों ने बताया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे



प्लेटफॉर्म पर हैक किए गए अकाउंट से पैसे मांगना, फर्जी लिंक भेजकर जानकारी चुराना और पैसे डबल करने का लालच देना आम हो गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी अनजान लिंक, एपीके फाइल या निवेश समूह पर भरोसा न करें। बैंकों की ओर से भेजे जाने वाले ओटीपी को किसी के साथ साझा न करने, एटीएम कार्ड का सीवीवी नंबर गोपनीय रखने तथा संदिग्ध कॉल या मैसेज आने पर तुरंत सतर्क होने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती, यह केवल ठगी का तरीका है। यदि किसी व्यक्ति का व्हाट्सएप अकाउंट हैक हो जाता है, तो तुरंत ऐप को अनइंस्टॉल कर दोबारा वेरिफिकेशन प्रक्रिया अपनाने और साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे मजबूत हथियार है। इसी कड़ी में सड़क सुरक्षा सप्ताह पर शअवध सिंह ने यातायात नियमों की जानकारी मंच के माध्यम से साझा किया एवं सुश्री हर्षिता पंडा ने जल जीवन मिशन पर विस्तृत जानकारी दी। अलिषा खान एवं मां शारदा लोक कला मंच जगदलपुर के 10 कलाकारों द्वारा गीत एवं नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथि के हस्ते पुरूस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला बीजापुर के पत्रकार संघ के अध्यक्ष के संतोष, बसंती लिंगम पार्षद, सुगतिन चालकी, राधा लकड़ा, सत्यवती परतागिरी, यशोदा पैकरा, अर्जुन पटेल, अलिसा खान, अमिषा झाड़ी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### 132 विद्यार्थियों को मिला सशक्तिकरण का साधन

# शिक्षा ही समाज और देश के विकास की नींव है: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा

दरभा ब्लाक में मंगलवार को शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कुल 132 विद्यार्थियों को सायकल का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और बच्चों की मुस्कान से सराबोर नजर आया।

■ साइकिल मिलने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में होगी सुविधा : गोयल

कार्यक्रम के दौरान विधायक विनायक गोयल ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को शिक्षा से जोड़ना है। साइकिल मिलने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी और वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और देश के विकास की नींव है तथा




सरकार हर बच्चे तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। दरभा ब्लाक में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छिंदावाड़ा में 36 विद्यार्थियों को, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चन्द्रगिरी में 13 विद्यार्थियों को, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पखनार में 3 विद्यार्थियों को हाई स्कूल कटेनार में 7 विद्यार्थियों को, डीएवी स्कूल में 2 विद्यार्थियों को, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढोढरेपाल में 28 विद्यार्थियों को, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चितापुर में 25 विद्यार्थियों को तथा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छोटे कड़मा में 18 विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई। इस प्रकार कुल 132 विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विधायक गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह साइकिल केवल एक साधन नहीं है, बल्कि यह आपके सपनों की सवारी है। इसका सही उपयोग कर आप नियमित रूप से विद्यालय पहुंचे, मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता, समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा में निरंतर सहयोग करें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम के अंत में साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। बच्चों ने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए मेहनत से पढ़ाई करने और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। सरस्वती सायकल योजना के माध्यम से दरभा ब्लाक में शिक्षा को नई गति मिली है और यह पहल निश्चित रूप से विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य महादेव सम्पत्ति नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पीडी हरिप्रसाद कश्यप, जिला मंत्री फुल सिंह सेठिया, मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महादेव नाग, विष्णु प्रताप कश्यप,कमलु कवासी, बाबुल नाग, बलीराम बघेल सीताराम नाग अरुण नेताम, दुर्जन सिंह कश्यप, नारायण कुरानी, नकुल ठाकुर लखीयादव, धर्मेंद्र ठाकुर, दिनेश पाण्डेय, रमेश मण्डावी, सुखराम कश्यप, उषा कश्यप, सुरेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, ग्रामीणजन, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## 40 पुरुषों ने अपनाई परिवार नियोजन की स्थायी विधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण सिंह नाग के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित विशेष नसबंदी शिविर में कुल 40 हितग्राहियों का सफलतापूर्वक पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दी।

डॉ. एसएस टेकाम, डॉ. आरएस भंवर और डॉ पी एल. मंडावी द्वारा सभी 40 हितग्राहियों का ऑपरेशन पूरी कुशलता के साथ संपन्न किया गया। शिविर की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण सिंह नाग ने कहा परिवार नियोजन केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें पुरुषों की भागीदारी समाज में एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है। एनएसवीटी एक बहुत ही सरल, सुरक्षित और बिना टांके वाली विधि है। हमें गर्व है कि बस्तर क्षेत्र के पुरुष जागरूक होकर जिम्मेदारी निभा रहे हैं। छोटा परिवार, सुखी परिवार के संकल्प को पूरा करने में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। इस बड़ी सफलता का मुख्य श्रेय समर्पित सुपरवाइजरों और मैदानी कर्मचारियों को जाता है, जिन्होंने बेहतरीन मोटिवेशन और मोबिलाइजेशन के जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया और रिकॉर्ड संख्या में हितग्राहियों को शिविर तक पहुंचाया।

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में निम्नलिखित टीम का विशेष योगदान रहा राजेन्द्र कुमार बघेल बीपीएम, जीली मंडावी, कन्हैया माहेश्वरी एवं अनीता कश्यप, राजू मुड़मा,एवं ममता, रामेश्वरी, प्रभु, शांति निकेतन एवं शैलेन्द्र। बीएमओ डॉ. नारायण नाग ने इस उत्कृष्ट टीम वर्क की सराहना करते हुए पूरी टीम को भविष्य में भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया है।

# नशा मुक्ति रैली निकालकर गायत्री परिवार ने मनाया स्वामी विवेकानंद जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालपटनम

पूरा विश्व स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाता है युवाओं की प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर के तत्वाधान में स्कूली बच्चों के साथ नशा मुक्ति रैली नगर में निकाली गई जिसमें युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए नशा उन्मूलन से

■ नन्हे बच्चे बने स्वामी विवेकानंद रैली में रहे आकर्षण का केंद्र




संबंधित नारे लगाते हुए तक्तियों के साथ रैली निकाला गया और नशा मुक्त समाज नशा मुक्त बीजापुर का संदेश दिया गया।

रैली में स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में तैयार होकर पहुंचे नन्हे विवेकानंद बने बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। प्रातः काल गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें गायत्री शक्तिपीठ परिसर एवं सड़क के किनारे साफ सफाई किया गया एवं स्वच्छता का संदेश दिया। विदित हो कि गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर एक जन चेतना का केंद्र है जहां पर धर्म जागरण के विभिन्न आयोजन संचालित होते रहते हैं इसी कार्यक्रम में परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के सूक्ष्म संरक्षण में बंदिनीया माता जी की जन्म शताब्दी समारोह की इस मंगल बेला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं माताजी की पूर्णाहुति के लिए युवा प्रकोष्ठ द्वारा यह आयोजन समर्पित किया गया। इस आयोजन में शक्तिपीठ के व्यवस्थापक जयपाल सिंह राजपूत विजय बहादुर राजभर बैजनाथ गुप्ता बीरा राजबाबू दुर्गेश साहू अर्जुन वेको राहुल गुप्ता मोहिनी साहू गायत्री मरकाम दुर्गा वाचम के साथ सरस्वती शिशु मंदिर बीजापुर के स्कूली बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भागीदारी की एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।



## रास्ते भर किया रामायण व भजन कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिला मुख्यालय के सत्संग रामायण मंडली बालपेट खालेपारा तथा गँगनादाई मानस मंडली पढ़ियारपदर बलूद के सत्संगी संयुक्त रूप से रविवार को पंचवटी के लिए रवाना हुए। इनमें मुख्य रूप से कल्याण सिंह ठाकुर, बीरबल सिंह ठाकुर, जगदेव सिंह ठाकुर, राय सिंह ठाकुर, तथा ललित सिंह ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल रहे। दोनों मंडलियों के पदाधिकारिओं इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा की पिछले वर्ष नगर में भयानक बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी जिसमें काफी नुकसान भी हुआ था इस दौरान विषम परिस्थितियों मे भी ईश्वर की कृपा से हम सभी सकुशल रहे।

अपने और अपने परिवार की कुशलता को लेकर मंडली के समस्त श्रद्धालु रविवार को पंचवटी के लिए दंतेवाड़ा से रवाना हुए। अपने प्रवास के दौरान रामायण पाठ कीर्तन करते हुए सर्वप्रथम भद्राचलम पहुंचकर गोदावरी नदी में स्नान के बाद रामलला दर्शन कर पंचवटी पहुंचे। यहां पहुंच कर मंडली के लोगों ने भगवान राम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सुख समृद्धि की कामना के साथ पंचवटी में रामायण पाठ व कीर्तन भजन के साथ आरती किया ।

## लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ तकनीकी सहायक इराद टोप्पो निलंबित

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड ब्लॉक नम्बर-7। द्वितीय तल, सेक्टर-24, ऑफिस कॉम्प्लेक्स अटल नगर, मुख्यालय-नवा रायपुर छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के एरिया ऑफिसर द्वारा 2 जनवरी 2026 को प्रदाय केन्द्र गीदम में संचालनालय खाद्य के खाद्य निरीक्षक के साथ किये संयुक्त निरीक्षण उपरांत प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन 5 जनवरी 2026 के अनुसार गोदाम क्रमांक 6, 7 में भौतिक रूप से पाये गये 20 स्टेकों में से 18 स्टेकों के चावल सैंपल में जांले के लट्टे पाए गए हैं, जिससे उक्त स्टेकों के चावल उचित मूल्य दुकानों में परिवहन योग्य नहीं पाया गया है। सभी स्टेकों के लॉट के उपार्जन इराद टोप्पो, कनि. तक. सहायक, जिला- जगदलपुर, अतिरिक्त प्रभार जिला दंतेवाड़ा द्वारा किया गया हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि टोप्पो द्वारा मानक स्तर का चावल उपार्जन नहीं किया गया है।







## किरंदुल परियोजना प्लेटिनम ग्रीन एनवायरो सेफ्टी अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरंदुल

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना को होटल ताज सिडाडे डे हैरिटेज गोवा में ग्रीन इनविरो फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु द्वितीय वार्षिक ग्रीन इनविरो सेफ्टी अवार्ड का भव्य समारोह आयोजित हुआ। समारोह में एनएमडीसी लिमिटेड की लौह अयस्क खदान, बीआईओएम कॉम्प्लेक्स किरंदुल को सुरक्षा उत्कृष्टता श्रेणी में प्लेटिनम ग्रीन एनवायरो सेफ्टी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार परियोजना की ओर से एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक विद्युत संयंत्र एवं सुनील कुमार, उप महाप्रबंधक प्रशि.सुरक्षा व पर्यावरण ने मुख्य अतिथि के करकमलों से ग्रहण किए। यह महत्वपूर्ण अवार्ड प्राप्त होने पर परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक ने सभी को हार्दिक बधाई दी।

# ऐसे आयोजनों से बच्चों में लोगों के सामने आने का आत्मविश्वास बढ़ता है: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहंडीगुड़ा

कैंब्रिज केरला मॉडल स्कूल धुरागांव में रंगारंग एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया। इस एनुअल फंक्शन में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जन समूह उपस्थित रहा।

सभी ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का अंत तक आनंद लिया और बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप और लोहंडीगुड़ा हाई स्कूल प्रिंसिपल अशोक खपाडे ने अपनी गरिमा में उपस्थित से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कैंब्रिज केरला स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता मूर्ति ने ऐसे




कार्यक्रमों की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में लोगों के सामने आने का आत्मविश्वास बढ़ता है एवं उनके भीतर छुपी हुई प्रतिभा को बाहर आने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष इसी तरह से एनुअल फंक्शन का आयोजन आगे भी किए जाते रहेंगे। इस कार्यक्रम में सभी टीचर्स ने भी अपना प्रस्तुति दी। मंच संचालन की जिम्मेदारी संभालते हुए वाइस प्रिंसिपल अरुण सरदार ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे केवल रोजगार या नौकरी पाने का साधन मात्र ना मानकर बच्चों के समग्र बौद्धिक और चारित्रिक विकास का साधन बताया।

## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण में निलंबन पर रोक की मांग, शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**चारामा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन इकाई चारामा द्वारा भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी को बताया कि युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों के कार्यभार ग्रहण नहीं करने के कारण लगभग 38 शिक्षकों की निलंबन कार्यवाही किया गया, जिसे तत्काल रोक लगाते हुए निलंबित शिक्षकों को विकासखण्ड में ही समायोजित किया जाये एवं शिक्षकों को ऑनलाईन उपस्थिति में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसे ऑफलाईन रखा जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष बोधनलाल साहू , पुरुषोत्तम सोनवंशी, धर्मेन्द्र कुमार, चिंतामनी यादव, पुरुषोत्तम मेश्राम,नीलू रजक, हरिश्चंद्र साहू उपस्थित रहे।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत टिकरापारा निवासी 23 वर्षीय रविशंकर उईके पिता भुनेश्वर ने जहर सेवन कर लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से 11 जनवरी को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था, इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बिजली खम्भा से गिरने पर मौत, विवेचना शुरू

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत तुमरीसुर निवासी 19 वर्षीय राजाराम आंचला पिता धन्नूराम बिजली के खम्भा में चढ़ा हुआ था। अचानक बिजली के खम्भा से गिर गया, जिससे उसकी 17 जुलाई को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक की अज्ञात कारणों से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 4 विवेकानंद नगर निवासी 37 वर्षीय मृत्युंजय मिस्त्री पिता उपेन मिस्त्री का अज्ञात कारणों के चलते 28 दिसंबर को मौत हो गई। पखांजुर निवासी राजेश मिस्त्री ने पुलिस को बताया कि मृतक की मौत अज्ञात कारणों से हुई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### हाराडुला में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

**चारामा।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विद्यालय में स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र की पूजा अर्चना कर संस्था प्रमुख यशवंत कुमार साहू ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी के बारे में बच्चों को संक्षिप्त जानकारी दी गई। उसके बाद बच्चों को विवेकानंद की वेशभूषा में तैयार कर ग्राम में शोभा यात्रा निकाली गई, जयकारे के साथ जगह जगह गांव भ्रमण करते हुए पूजा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टॉप हेमलता साहू , मंजू दुबे , निशा मंडावी, हीरा यादव, खिलेश्वरी यादव का योगदान रहा।

### एसआईआर अंतर्गत सुनवाई के लिए ऑनलाइन दस्तावेज 14 फरवरी तक

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के तहत अनमैप्ड मतदाताओं की सुनवाई निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 14 फरवरी तक किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार कुर्रे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के ईसीआई नेट पोर्टल पर एसआईआर 2026 प्रक्रिया के दौरान मतदाता को जारी नोटिस के संबंध में आवश्यक दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड करने के लिए नया फीचर उपलब्ध कराया गया है। मतदाता ई-साइन के माध्यम से स्वयं अपना दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री साय के पखांजुर प्रवास को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पखांजुर

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित पखांजुर प्रवास और मेले में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। आमजन की सुरक्षा, सुव्यवस्थित आयोजन और किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में 13 जनवरी को कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व में आला अधिकारियों की टीम ने पखांजुर पहुंचकर मेला स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के पखांजुर प्रवास को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर कमर कस ली है। मेले में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 13 जनवरी को कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजुर सहित वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने पखांजुर पहुंचकर मेला स्थल का व्यापक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला स्थल के प्रवेश और निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाओं, अग्निशमन व्यवस्था तथा सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या सुरक्षा में चूक नहीं होनी चाहिए।

## मेला स्थल पर सुरक्षा व व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

### समयसीमा में करें तैयारी

मेला स्थल के चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखने, सीसीटीवी व्यवस्था, रूट चार्ट और यातायात प्रबंधन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो। निरीक्षण के अंत में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान कलेक्टर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजुर राकेश कुर्रे, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टीआर देवांगन, सीईओ कोयलीबेड़ा उदय प्रकाश नाग, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रवि कुजूर, टीआई पखांजुर लक्ष्मण केंवट, टीआई गोण्डाहूर रामचंद्र साहू, डीएफओ भानुप्रतापपुर हेमचंद पहाड़े, नगर पंचायत सीएमओ सुनील जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण चन्द्र साहा, मंडल अध्यक्ष दीपंकर राय नपं उपाध्यक्ष शंकर सरकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयोजन : सैकड़ों पुलिसकर्मियों को मिला लाभ, दवा का भी किया गया वितरण

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 469 अधिकारी कर्मचारी और परिवार के सदस्यों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

जिले में पुलिस विभाग द्वारा अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के दौरान लगातार व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण वे अपने स्वास्थ्य पर समुचित ध्यान नहीं दे पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस प्रशासन ने यह सराहनीय पहल की।

जिला मुख्यालय एवं जिले के अन्य थाना परिसर में 12 जनवरी को एसपी निखिल राखेचा के निर्देशानुसार, एएसपी भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्रीमाल एवं एएसपी कांकेर दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिलेभर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। पुलिस लाइन में आयोजित शिविर के दौरान उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विंकेश्वरी पांडे एवं डीएसपी प्रतिभा लहरे की उपस्थिति रही। रक्षित केंद्र सिंगारभाट में आयोजित शिविर में शासकीय कोमलदेव अस्पताल के चिकित्सकों की टीम द्वारा पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों





एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान ब्लड ग्रुप, सिकलसेल, ब्लड शुगर, सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी, एचबीएसएजी, कैंसर स्क्रीनिंग, रक्तचाप सहित विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच की गई। इस शिविर में रक्षित केंद्र कांकेर, पुलिस परिवार तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कुल 287 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जांच के दौरान जिन व्यक्तियों में बीमारी पाई गई, उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही चिकित्सकों द्वारा बीमारियों से बचाव, स्वस्थ जीवनशैली एवं आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानियां बरतने के संबंध में भी जानकारी दी गई।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ आशीष बंछोर एवं एसडीओपी शुभम तिवारी के मार्गदर्शन में अनुविभागीय स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय अंतागढ़ परिसर में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

### डाक्टरों का किया सम्मान

स्वास्थ्य शिविरों के सफल आयोजन पर पुलिस विभाग द्वारा उपस्थित चिकित्सकों की टीम को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला पुलिस प्रशासन की यह पहल पुलिसकर्मियों के प्रति संवेदनशीलता एवं उनकी कार्यक्षमता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ के डॉक्टरों की टीम द्वारा जिला पुलिस बल एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवानों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में कुल 184 अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस परिवार के सदस्य शामिल हुए। इसके अलावा अनुविभाग भानुप्रतापपुर एवं पखांजूर में भी थाना परिसरों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर एवं पखांजूर के चिकित्सकों की टीम द्वारा वहां पदस्थ पुलिसकर्मियों एवं सशस्त्र बल के जवानों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई। भानुप्रतापपुर में 137 तथा पखांजूर में 148 अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।

## खंड स्त्रोत समन्वयक ने किया संकुल कोदापाखा की शालाओं का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से खंड स्त्रोत समन्वयक बीआरसी लतीप सोम द्वारा संकुल कोदापाखा के अंतर्गत आने वाली शालाओं का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने प्राथमिक शाला वाटिनटोला एवं शाउमावि कोदापाखा का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बीआरसी ने शाला भवनों की स्थिति का अवलोकन किया। भवन के नियमित रख-रखाव, सुंदर रंग-रोगन तथा विद्यालय परिसर एवं आसपास की साफ-सफाई बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और आकर्षक शाला वातावरण से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और सकारात्मक माहौल का निर्माण होता है। बीआरसी द्वारा शालाओं में शिक्षा गुणवत्ता की भी जांच की गई। उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से सीधे संवाद किया तथा विषयवार उनकी समझ, कठिनाइयों और सीखने की गति के बारे में जानकारी ली। शिक्षकों से चर्चा कर यह जाना गया कि विद्यार्थियों को किन विषयों में अधिक परेशानी हो रही है और उनकी शैक्षणिक आवश्यकताएं क्या हैं। बीआरसी ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि चिन्हित समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए और बच्चों को अतिरिक्त सहयोग उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। बीआरसी ने छात्रों और शिक्षकों से परीक्षा तैयारी की स्थिति की जानकारी ली। समयबद्ध अध्ययन योजना बनाकर नियमित अभ्यास कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर अध्ययन, पुनरावृत्ति और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। इसके साथ ही बीआरसी द्वारा शालाओं में संचालित उपचारात्मक कक्षाओं की जानकारी भी ली गई।




# युवा दिवस पर पॉलीटेक्निक में कार्यशाला हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

शासकीय पॉलीटेक्निक के एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब इकाइयों द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवा संवाद, नेतृत्व क्षमता विकास कार्यशाला एवं स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संस्था के प्राध्यापकों द्वारा स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डाला गया एवं विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रीय सेवा के लिए प्रेरित किया गया।

- युवा संवाद, दौड़ सहित अन्य आयोजन

इस अवसर पर डाक्यूमेन्ट्री फिल्म द्वारा स्वामी विवेकानंद के विचारों और उनके जीवन को प्रदर्शित किया गया और साथ ही इसका मुख्य उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को स्वदेशी मूल्यों, आत्मनिर्भर भारत शारीरिक फिटनेस और राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक करना था। संस्था के प्राध्यापक सृजन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा अवस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण होती है, जिसमें सही दिशा और सही निर्णय पूरे भविष्य को निर्धारित करते हैं।

लक्ष्य बनाएं, समय प्रबंधन करें

प्राध्यापक सृजन ने विद्यार्थियों को लक्ष्य तय करने, समय का प्रभावी प्रबंधन करने, आत्मविश्वास बनाये रखने और निरंतर सीखते रहने पर विशेष जोर दिया। इसके उपरान्त छात्रों के लिए स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया और स्वदेशी अपनाने को सकंल्प लिया।

# कार्रवाई नहीं होने पर तहसील के सामने करेंगे भूख हड़ताल

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी में ग्राम कोटवार की कथित लापरवाही एवं भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने दो दिवस के भीतर ग्राम कोटवार के विरुद्ध उचित कार्रवाई कर निराकरण नहीं होने की स्थिति में तहसील कार्यालय दुर्गूकोंदल के सामने भूख हड़ताल करने का अल्टीमेटम दिया है। ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी की सरपंच साधना सहारे सहित नारायण सिंह पटेल, रघुनंदन गोस्वामी, लता रावटे, सकित, ललिता बाई, लक्ष्मी बाई, लतखोरिन एवं अन्य ग्रामीणों ने तहसीलदार दुर्गुकोंदल को लिखित ज्ञापन सौंपकर भूख हड़ताल की सूचना दी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि दो दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो ग्राम के समस्त ग्रामवासी सामूहिक रूप से आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम कोटवार की लगातार लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ पहले ही ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिवेदन भेजा जा चुका है। इसके साथ ही ग्रामसभा की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर ग्राम कोटवार को हटाने की अनुशंसा की गई थी। इतना ही नहीं, ग्राम हल्का पटवारी क्रमांक 12 द्वारा मौके पर पहुंचकर गवाहों के कथन-बयान दर्ज किए गए तथा समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में पंचनामा भी तैयार किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पटवारी द्वारा तैयार किए गए दस्तावेजों में ग्राम कोटवार की कथित करतूतों एवं भ्रष्टाचार से संबंधित तथ्य सक्षम रूप से दर्ज हैं। इसके बावजूद तहसील कार्यालय स्तर पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाना या निर्णय सार्वजनिक नहीं किया जाना ग्रामीणों के बीच संदेह और नाराजगी का कारण बन रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि प्रशासन समय रहते कार्रवाई करता तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उन्होंने कहा कि ग्राम में शासकीय कार्यों के क्रियान्वयन में कोटवार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, लेकिन उसकी लापरवाही से ग्रामीणों को बार-बार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पद से हटाया जाए

कोड़ेकुसी के ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दो दिवस के भीतर ग्राम कोटवार के खिलाफ उचित कार्रवाई कर उसे पद से हटाया जाए और मामले का शीघ्र निराकरण किया जाए। अन्यथा ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा तहसील कार्यालय दुर्गुकोंदल के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह में मिवान स्टील्स लिमिटेड को मिला द्वितीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्गुकोंदल

खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिवान स्टील्स लिमिटेड को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। दुर्गुकोंदल स्थित मिवान स्टील्स लिमिटेड को व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक खनन विकास के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान रायपुर स्थित मायरा रिसोर्ट में आयोजित 9वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह समारोह में प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न खनन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी एवं आईबीएम इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इस वर्ष समारोह की थीम रिस्पॉन्सिबल माइनिंग रखी गई थी, जिसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित खनन, श्रमिक कल्याण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खदान संचालन के कार्यों का मूल्यांकन किया गया।

इसी मूल्यांकन के आधार पर दुर्गुकोंदल स्थित मिवान स्टील्स लिमिटेड को यह द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से न केवल कंपनी की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है, बल्कि खदान में कार्यरत




कर्मचारियों और मजदूरों का मनोबल भी काफी बढ़ा है। यह पुरस्कार खदान में सुरक्षित, अनुशासित और पर्यावरण-संवेदनशील कार्य संस्कृति को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पुरस्कार प्राप्ति के अवसर पर कंपनी की ओर से प्रबंधक सुभाष सिंह, महेश दास, सुमित कुमार एवं आदित्य पैकरा समारोह में उपस्थित रहे।

सम्मान ग्रहण करते हुए प्रबंधक सुभाष सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि संस्थान में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और मजदूरों के अनुशासन, समर्पण और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मिवान स्टील्स लिमिटेड हमेशा से ही खनन कार्यों में वैज्ञानिक पद्धति, सुरक्षा मानकों और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देती रही है। यही कारण है कि कंपनी को इस प्रतिष्ठित मंच पर सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा तथा जिम्मेदार खनन की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। स्थानीय लोगों एवं कर्मचारियों ने कंपनी की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है। मिवान स्टील्स लिमिटेड का यह सम्मान छत्तीसगढ़ में जिम्मेदार और वैज्ञानिक खनन का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है।

# बांदे मार्ग पर संकीर्ण पुलिया बनी हादसों की वजह, बढ़ रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पखांजूर

पखांजूर तहसील अंतर्गत स्टेट हाईवे 25 पर पीव्ही 39 के पास बनी संकीर्ण पुलिया अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए आफत बनती जा रही है। पुल की चौड़ाई कम होने और सुरक्षा इंतज़ामों के अभाव में यहाँ आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा सका है। ताजा मामला सोमवार सुबह का है, जब एक मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नाले में जा गिरा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन को भारी नुकसान पहुँचा। इससे पहले बीते माह इसी पुलिया पर एक 14 चक्का ट्रक भी नीचे पलट चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया की स्थिति से विभाग को कई बार अवगत कराया गया है। इसके



बावजूद न तो पुल का चौड़ीकरण किया गया और न ही चेतावनी बोर्ड या सुरक्षा रेलिंग लगाई गई। नतीजतन यह संकीर्ण पुलिया दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण दे रही है। अब देखने वाली बात होगी शासन-प्रशासन इस विषय पर ध्यान कब देगी। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से जल्द से जल्द पुलिया के सुधार और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच 11 फरवरी, 18 मार्च
08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मार्च 2026
11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशि: स्लीपर-20500/- ऑफर 18,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)